हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 27 अक्टूबर 2026
सीहोर | भैरूंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

04 तहसीलदार न्यायालय रोक के आदेश के बाद भी सरकारी जमीन पर...



07 राजपूत अपनी भागीदारी के साथ देश के विकास में भूमिका...



खबर संक्षेप

प्रधान डाकघर में 26 से 31 तक सुबह होंगे आधार अपडेट

सीहोर। प्रधान डाकघर सीहोर में दिनांक 26 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक सुबह 8 से शाम 6 बजे तक आधार कार्ड बनवाने एवं अपडेट करवाने के लिए शिविर का आयोजन किया जा रहा है । इस दौरान सभी बच्चों महिलाओं एवं पुरुषों के आधार कार्ड में अपडेशन तथा नए आधार बनवाये जा सकेंगे । अपग्रेडेशन के तहत नाम जन्मतिथि एड्रेस बायोमैट्रिक अपडेट फोटो परिवर्तन इत्यादि सभी कार्य हो सकेंगे। पोस्ट ऑफिस में नए आधार कार्ड मुफ्त में बनाए जाएंगे तथा प्रथम अपडेशन भी निशुल्क किया जावेगा।

निर्धारित समय-सीमा में लक्ष्य करें पूर्ण : कलेक्टर बालागुरु के.

सीहोर। कलेक्टर बालागुरु के. ने स्वामित्व योजना के अंतर्गत दस्तावेजों के पंजीयन की कार्यवाही को लेकर संबंधित राजस्व अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के कार्य में स्मार्ट वर्क को अधिकतम बढ़ावा दिया जाए, ताकि निर्धारित लक्ष्यों को कुशलतापूर्वक और समय-सीमा में प्राप्त किया जा सके। इसके लिए कार्यों को व्यवस्थित तरीके से करते हुए पंजीयन की प्रक्रिया में तेजी लाना सुनिश्चित करें।

सीहोर से श्यामपुर तक की सड़क बदहाल, दिन भर उड़ते रहते हैं धूल के गुबार, मण्डी क्षेत्र में आसमान में नजर आती है सिर्फ धूल

शहर को अच्छी सड़क देने में असफल हुए सिस्टम ने दी 'चेस्ट क्लीनिक की सौगात'

शहर में सीवेज काम के चलते गलियों में भी सड़कों की हालत खराब है, लगभग सभी गलियां खुदी हैं, जिनके बनने का इंतजार है

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



प्रशासन और राजनीतिक सिस्टम की नाकामी का खामियाजा इन दिनों शहर की आम जनता को अपनी सेहत से चुकाना पड़ रहा है। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक सडक़ें पूरी तरह बदहाल हैं और सीवेज कार्यों के नाम पर हर गली को खोदकर छोड़ दिया गया है। हालात यह हैं कि उड़ते धूल के गुबारों से लोगों का सांस लेना तक मुहाल हो गया है।

सडक़ों को सुधारकर राहत देने में नाकामयाब रहा सिस्टम अब जनता को बीमारियों के दलदल में धकेलकर जिला अस्पताल में चेस्ट क्लिनिक (छाती व सांस रोग क्लिनिक) खोलने की सौगात का ढिंढोरा पीट रहा है। सवाल यह उठता है कि जब धूल और प्रदूषण रोकने के बुनियादी इंतजाम ही फेल हो चुके हैं तो प्रशासन लोगों को बीमार होने के बाद अस्पताल पहुंचने के लिए क्यों मजबूर कर रहा है।

बदहाल सडक़ें और धूल से पटा आसमान

शहर और आसपास के इलाकों में सडक़ों की खस्ताहाल स्थिति ने लोगों का जीना दूभर कर दिया है। सीहोर से श्यामपुर तक की सडक़ पूरी तरह टूट चुकी है। दिनभर उडऩे वाले धूल के गुबारों से मंडी क्षेत्र का आसमान तक ढंक जाता है। इधर शहर में सीवेज डालने के नाम पर लगभग सभी गलियां खोद दी गई हैं। महीनों बीत जाने के बाद भी इन सडक़ों के न बनने से हर वक्त धूल उड़ती रहती हैं, जिससे इन गलियों में रहने वाले लोगों का रहना मुश्किल हो गया है।

कर चुके चक्काजाम, दी चेतावनी

प्रशासन की इसी उदासीनता के खिलाफ जनता का सब्र अब जवाब देने लगा है। महज एक पखवाड़े पहले ही गुस्साए मंडी वासियों ने थाने के पास जोरदार चक्काजाम कर दिया था। इसके बावजूद सिस्टम नहीं जागा तो बीते दिनों चांदबड़ के ग्रामीणों ने भी एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर 10 दिन के भीतर सडक़ सुधारने की चेतावनी दी है और सुधार न होने पर चक्काजाम का अल्टीमेटम दिया है।

प्रदूषण से घुट रहा दम, स्वास्थ्य विभाग ने खोला चेस्ट क्लिनिक

सडक़ों पर उड़ती धूल, भारी वाहनों का धुआं और गिरती वायु गुणवत्ता के कारण लोगों के फेफड़ों पर बुरा असर पड़ रहा है। बच्चों, बुजुर्गों और पहले से सांस के मरीजों को सीने में भारीपन, लगातार खांसी, चक्कर आने और सांस फूलने जैसी गंभीर परेशानियां हो रही हैं। सडक़ों पर पानी का छिडक़ाव या धूल को नियंत्रित करने के ठोस उपाय करने के बजाय, स्वास्थ्य विभाग ने राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला अस्पताल में एक विशेष चेस्ट क्लिनिक शुरू किया है। यह क्लिनिक 15 अक्टूबर से शुरू हो चुका है और 28 फरवरी 2027 तक चलाया जाएगा।

क्लिनिक में मिलेंगी ये सुविधाएं और जांच के इंतजाम

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि इस क्लिनिक में मरीजों को मुफ्त जांच और इलाज की सुविधा दी जा रही है। यहां मुख्य रूप से इन समस्याओं की जांच की जाएगी, जनमें सांस लेने में परेशानी या जल्दी सांस फूलना, लगातार पुरानी खांसी रहना, सीने में दर्द, जकडऩ या भारीपन, आंखों में जलन, पानी आना या चक्कर आना फेफड़ों व हृदय से जुड़ी पुरानी बीमारियों की नियमित मॉनिटरिंग आदि शामिल हैं। क्लिनिक में छाती व सांस रोग विशेषज्ञों के साथ प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ और अत्याधुनिक मशीनें तैनात की गई हैं, ताकि गंभीर मरीजों का रिकॉर्ड रखकर उनकी निगरानी की जा सके।

बीमारी का न करें इंतजार, डॉक्टर की सलाह

अस्पताल आने वाले मरीजों को इलाज के साथ-साथ बचाव के तरीके भी बताए जा रहे हैं जैसे कि खराब वायु गुणवत्ता में मास्क का सही इस्तेमाल करना, धूल-धुएं वाले इलाकों से बचना और धूम्रपान से पूरी तरह दूरी बनाना। सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया ने नागरिकों से अपील की है कि सांस या सीने की जरा सी भी तकलीफ को नजरअंदाज न करें और शुरुआती लक्षणों पर ही जिला अस्पताल के चेस्ट क्लिनिक पहुंचकर अपनी जांच कराएं।

79 वोटों से जीत दर्ज कर आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल बने मप्र आपूर्ति अधिकारी संघ के प्रांताध्यक्ष

सीहोर में पदस्थ कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल ने 138 मत हासिल कर दर्ज की एक तरफा जीत

सीहोर। जिले में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के पद पर कार्यरत आकाश चंदेल ने मध्य प्रदेश आपूर्ति अधिकारी संघ भोपाल के प्रांताध्यक्ष पद के चुनाव में ऐतिहासिक सफलता हासिल करते हुए प्रांताध्यक्ष का पद अपने नाम कर लिया है। इस कड़े मुकाबले में आकाश चंदेल ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को भारी मतों से शिकस्त दी और 79 वोटों के बड़े अंतर से यह चुनाव जीतकर सीहोर जिले का मान बढ़ाया है। उनके इस प्रकार अध्यक्ष बनने से पूरे प्रदेश के खाद्य विभाग और सीहोर के प्रशासनिक अमले में जश्न का माहौल है।

भोपाल में संपन्न हुए मध्य प्रदेश आपूर्ति अधिकारी संघ के इस बहुप्रतीक्षित चुनाव में प्रदेश भर के खाद्य विभाग के कार्यपालिक अमले के सदस्यों ने बड़े उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस त्रिकोणीय मुकाबले में कुल तीन प्रत्याशी मैदान में थे, लेकिन मतगणना की शुरुआत से ही आकाश चंदेल ने बढ़त बना ली और अंत तक अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी।

किसे मिले वोट : राजधानी भोपाल में हुए चुनाव के जारी परिणाम के अनुसार आकाश चंदेल विजेता सीहोर 138 मत मिले, जबकि निकटतम प्रतिद्वंदी संदीप भार्गव 59 मत और एनएस चंद्रावत को 09 मत प्राप्त हुए, इस प्रकार आकाश चंदेल ने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी को 79 वोटों के भारी अंतर से पीछे छोड़ते हुए संघ की कमान अपने हाथ में ले ली। यह पूरी चुनाव प्रक्रिया खाद्य विभाग के निर्वाचन अधिकारियों द्वारा पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई गई, जिसकी देखरेख निर्वाचन पर्यवेक्षक आरएस धाकरे ने की थी।

वरिष्ठ अधिकारियों और संगठनों ने दी बधाई : आकाश चंदेल की इस बड़ी जीत पर शासन स्तर के उच्च अधिकारियों और प्रदेश के विभिन्न प्रमुख कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने उन्हें फोन और व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वाले प्रमुख प्रशासनिक व संघ प्रतिनिधि खाद्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उप सचिव वीके चंदेल, इंदौर के खाद्य नियंत्रक मोहन मारू, अपर संचालक शशांक मिश्रा एवं हरेंद्र सिंह, संघ के पूर्व नेतृत्वकर्ता आपूर्ति अधिकारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष सुरेश वर्मा एवं संतोष उईके, मध्य प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के पूर्व प्रांताध्यक्ष डीके यादव एवं वर्तमान अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार गांधी, मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग संघ के प्रांताध्यक्ष अनिल वाजपेई तथा मध्य प्रदेश नागरिक आपूर्ति अधिकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष गजेंद्र कुमार कोठारी। इसके अलावा खाद्य संचालनालय और प्रदेश के विभिन्न जिलों से भी बड़ी संख्या में अधिकारियों ने आकाश चंदेल को बधाई दी है।

वेतन विसंगति और पदोन्नति पर रहेगा खास जोर : सीहोर से निकलकर प्रांताध्यक्ष की जिम्मेदारी संभालने वाले आकाश चंदेल से अब पूरे प्रदेश के आपूर्ति अधिकारियों और कर्मचारियों को काफी उम्मीदें हैं। संघ के सदस्यों की प्रमुख अपेक्षाएं हैं, जिसमें लंबे समय से चली आ रही वेतन संबंधी विसंगतियों को शासन स्तर पर हल कराना। अधिकारियों की रुकी हुई पदोन्नति की प्रक्रिया को गति देना। अधिकारियों की अन्य व्यावहारिक और वैध मांगों को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखना। प्रांताध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद आकाश चंदेल ने सभी मतदाताओंए सहयोगियों और वरिष्ठ अधिकारियों का आभार जताया। उन्होंने कहा कि सीहोर जिले के साथ-साथ पूरे प्रदेश भर के साथियों ने मुझ पर जो भरोसा जताया है, मैं उसका सदैव ऋणी रहूंगा। यह जीत मेरी व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि यह हमारे संघ की एकजुटता और साथियों के अटूट विश्वास की जीत है।

कार ने बाइक को टक्कर मारी घसीटने से कार में लगी आग दो गंभीर घायल भोपाल रेफर



सीहोर। श्यामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सीहोर रोड पर खजुरिया और पारवा गांव के बीच देर रात एक सडक हादसा हो गया। एक तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बाइक को काफी दूर तक घसीटती हुई ले गई, जिससे घर्षण के कारण कार में अचानक आग लग गई। इस हादसे में बाइक सवार दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसे के बाद जलती हुई कार और बाइक के बीच में घायल फंसे रह गए। घटना की जानकारी मिलते ही श्यामपुर थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस और दमकलकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद जलती गाडियों के बीच से घायलों को बाहर निकाला और आग पर पानी डालकर काबू पाया। हादसे में घायल युवकों की पहचान विमल मालवीय और रफीक खान के रूप में हुई है। दोनों को तुरंत 108 एंबुलेंस की मदद से श्यामपुर के शासकीय अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने भोपाल रेफर कर दिया। श्यामपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

फंदा टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज ने पहुंचाया बदमाशों को सलाखों पीछे

बस यात्रियों से लूट करने वाले इंदौर के दो आरोपियों को 7-7 साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंदौर-भोपाल राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रसिद्ध कुबेरेश्वर धाम के पास स्लीपर बस से यात्रियों को जबरन नीचे उतारकर उनके साथ मारपीट और लूटपाट करने वाले इंदौर के दो शातिर बदमाशों को सीहोर न्यायालय ने 7-7 साल के सश्रम कारावास की कड़ी सजा सुनाई है। इस पूरे अंधे अंधेरे में हुए सनसनीखेज मामले का खुलासा करने में फंदा टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज ने निर्णायक भूमिका निभाई, जिसकी बदौलत पुलिस अपराधियों तक पहुंच सकी।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी कर रहीं अपर लोक अभियोजक शाहना रईस ने बताया कि फरियादी अर्जुन मालवीय अपने साथियों रिहान मंसूरी, अयान मंसूरी, रियाज मंसूरी, कुलदीप मालवीय और सुमित मालवीय के साथ हैदराबाद से भोपाल पहुंचा था। वहां से वे सभी खातीजोड़ आष्टा जाने के लिए नादरा बस स्टैंड से इंदौर जाने वाली स्लीपर बस में सवार हुए थे। 3 दिसंबर 2025 की देर रात करीब 12.30 बजे जब बस इंदौर-भोपाल हाईवे पर कुबेरेश्वर धाम के पास रुकी, तभी दो अज्ञात युवक बस में चढ़े। उन्होंने यात्रियों के नाम पुकारकर अर्जुन और सुमित को कॉलर पकडक़र जबरन बस से नीचे उतार लिया।

निर्माणाधीन इमारत में ले जाकर की बर्बरता और लूट

बदमाश दोनों पीड़ितों को काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल पर बैठाकर पास ही स्थित एक पेट्रोल पंप के पीछे निर्माणाधीन सुनसान इमारत में ले गए। वहां आरोपियों ने प्लास्टिक के पाइप, घूंसे और थप्पड़ों से दोनों की बेरहमी से पिटाई की। इस दौरान बदमाशों ने अर्जुन के पास रखे 30 हजार रुपये नकद और मोबाइल फोन छीन लिया और उन्हें घायल अवस्था में छोडक़र फरार हो गए। मारपीट में दोनों युवकों के हाथ-पैर व कंधे में गंभीर चोटें आई थीं।

फंदा टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज से खुला राज

घटना के बाद पीड़ितों ने मंडी थाना पहुंचकर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह थी कि आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो चुके थे और उनका कोई सुराग नहीं मिल रहा था। ऐसे में पुलिस टीम ने तकनीकी जांच का सहारा लिया और फंदा टोल प्लाजा के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए।

टोल प्लाजा के कैमरों में कैद संदिग्धों की गतिविधियों और वाहनों के मूवमेंट ने पुलिस को आरोपियों तक पहुंचाने में सबसे बड़ा सुराग दिया। फुटेज के आधार पर पुलिस ने संदिग्धों को दबोचा और पीड़ितों से उनकी पहचान कराई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी आदिल खान के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त पल्सर बाइक, लूटा गया मोबाइल, 3 हजार रुपये नकद, डंडा और घटना के समय पहनी जैकेट जब्त की। दूसरे आरोपी मोहम्मद मोहसिन के कब्जे से 4 हजार 200 रुपये नकद, जैकेट व मफलर बरामद किए।

न्यायालय ने सुनाई 7-7 साल की सजा

सीहोर के द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत ने अभियोजन पक्ष द्वारा प्रस्तुत मजबूत साक्ष्यों, गवाहों के बयानों और फंदा टोल प्लाजा के डिजिटल सबूतों को आधार मानते हुए इंदौर निवासी दोनों आरोपियों को दोषी करार दिया। न्यायालय ने आदिल खान निवासी अंसारी बाग आजाद नगर इंदौर और मोहम्मद मोहसिन पठान निवासी मोमिनपुरा खजराना रोड इंदौर को 07-07 वर्ष के सश्रम कारावास तथा प्रत्येक पर कुल 8 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है।

अर्धनग्न होकर कोटवारों ने टाउन हॉल के सामने लगाए नारे

हड़ताली कोटवारों ने उतारे कपड़े, वेतनवृद्धि और नियमितीकरण की मांग को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर चल रहे कोटवारों ने सोमवार को अर्धनग्न होकर प्रदर्शन किया। प्रशासनिक अधिकारियों जन प्रतिनिधियों के बेरुखी भरे व्यवहार को लेकर भी कोटवारों में आक्रोश बना रहा। मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के आह्वान पर 22 अक्टूबर से हड़ताल पर बैठे कोटवारों से मिलने अब तक कोई भी जिम्मेदार नहीं पहुंचा। जिला मुख्यालय स्थित टाउन हॉल के पास कोटवार काम बंद हड़ताल कर धरने पर बैठे हैं।

मध्य प्रदेश आजाद कर्मचारी कोटवार संघ के सीहोर जिला अध्यक्ष छगनलाल मालवीय ने कहा कि मध्य प्रदेश की वर्तमान सरकार धोखेबाजी कर रही है। पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोटवारों की सभी मांगे पूरी करने का वादा किया था जिसमें से उन्होंने हमें पुलिस जैसी वर्दी देकर सम्मानित किया था। मामूली सा वेतन भी बढ़ाया था लेकिन वर्तमान सरकार कुछ भी सुनने को तैयार नहीं है। वर्दी का पैसा भी नहीं दिया जा रहा है और उपलब्ध कराई गई वर्दी पहनने लायक नहीं है। वर्तमान सरकार हमें उक्त खराब वर्दी पहना कर जोकर बनना चाहती है। लंबे समय से कोटवार सेवाभूमि का मालिक बनाने, सरकारी कर्मचारी घोषित करने और वर्दी की राशि बैंक खाते में ही देने की मांग सरकार से कर रहे हैं। सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए हमें अर्धनग्न होना पड़ रहा है।कोटवारों की हड़ताल का व्यापक असर देखा जा रहा है किसानों के सीमांकन बटवारा कब्जा दिलाने जैसी कार्यवाहियों के साथ कोटवारों के माध्यम से किसानों को भेजे जाने वाली सूचनाओं का आदान-प्रदान भी बंद हो गया है। राजस्व विभाग के अनेक काम ग्राम कोटवार के बिना नहीं हो पा रहे हैं। शासन प्रशासन के विभिन्न विभागों के द्वारा भी कोटवारों से अनेक प्रकार के कार्य लिए जाते हैं कोटवारों की हड़ताल पर होने से सभी कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के आह्वान पर पूरे प्रदेश में कोटवारों के द्वारा की जा रही हड़ताल के तहत सीहोर जिले के 1000 से अधिक कोटवार भी 28 अक्टूबर तक हड़ताल पर बैठे रहेंगे और कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन देंगे इसके बाद भोपाल पहुंचकर भी प्रदर्शन किया जाएगा।

अर्धनग्न धरना प्रदर्शन हड़ताल में जिला उपाध्यक्ष कालूराम, सीहोर तहसील अध्यक्ष अमर सिंह मालवीय,उपाध्यक्ष राकेश मालवीय, लालू सेन इछावर, राजमल, जितेंद्र, गोपाल सिंह, रामभरोस, मांगीलाल, राधेश्याम, आनंद, संतोष मालवीय, गोपाल सिंह अहिरवार,अजबसिहं सेवनिया, मंगीलाल खुशीलाल शाहिद बड़ी संख्या में कोटवार शामिल रहे।

श्रद्धा और उत्साह के साथ निकला महर्षि वाल्मीकि जयंती का चल समारोह

सीहोर। भगवान श्री महर्षि वाल्मीकि की जयंती के पावन अवसर पर सीहोर में भव्य चल समारोह श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। चल समारोह की अध्यक्षता श्री उमेश परोचे ने की। समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

चल समारोह वाल्मीकि कॉलोनी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तिलक पार्क पहुंचा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाजजनों एवं नागरिकों ने चल समारोह का स्वागत किया। चलसमारोह में विधायक सुदेश राय भी शामिल रहे। वाल्मीकि कॉलोनी से लेकर तिलक पार्क तक जगह-जगह स्वागत कर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया गया। पूरे मार्ग में धार्मिक उत्साह और सामाजिक एकता का माहौल देखने को मिला। तिलक पार्क में चल समारोह का समापन हुआ। यहां भगवान श्री महर्षि वाल्मीकि जी की विधिवत आरती की गई तथा सभी ने उनका स्मरण कर नमन किया। इसके पश्चात समाज के बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से उन्हें सम्मान पत्र वितरित किए गए। इस पहल के माध्यम से बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया और उनकी प्रतिभा को सम्मान दिया गया। कार्यक्रम श्रद्धा, सामाजिक समरसता और आपसी भाईचारे के संदेश के साथ संपन्न हुआ।




खबर संक्षेप



नौ दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

भैरूंदा। राय साहब भंवर सिंह पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों का नौ दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय शैक्षणिक भ्रमण संपन्न हुआ। 17 अक्टूबर को नेपाल के लिए रवाना हुआ विद्यार्थियों का दल 25 अक्टूबर को भ्रमण पूर्ण कर वापस लौटा। इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने नेपाल के विभिन्न शहरों और क्षेत्रों के प्रसिद्ध धार्मिक, ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण किया तथा वहाँ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को करीब से जाना। नेपाल की राजधानी काठमांडू में विद्यार्थियों ने पशुपतिनाथ मंदिर, गुह्येश्वरी मंदिर, स्वयंभूनाथ स्तूप, बौद्धनाथ स्तूप तथा बूढ़ानीलकंठ मंदिर के दर्शन किए। इन स्थलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने नेपाल की धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को समझा। इसके अतिरिक्त काठमांडू घाटी के निकट स्थित नागरकोट में विद्यार्थियों ने सूर्योदय के मनमोहक दृश्य, प्राकृतिक सौंदर्य और पर्वतीय दृश्यों का आनंद लिया। पहाड़ों के बीच उगते सूर्य की सुनहरी किरणों ने इस अनुभव को और भी यादगार बना दिया। पोखरा में विद्यार्थियों ने विंध्यवासिनी मंदिर, मुक्तिनाथ मंदिर, गुप्तेश्वर महादेव गुफा, फेवा झील तथा वर्ल्ड पीस पैगोडा का भ्रमण किया। यहाँ विद्यार्थियों ने प्राकृतिक सौंदर्य, धार्मिक आस्था और शांत वातावरण का अनुभव किया। फेवा झील की मनमोहक छटा और आसपास के पर्वतीय दृश्यों ने सभी का मन मोह लिया।

भगवान महर्षि वाल्मीकि सभी के आदर्श : निशांत वर्मा



सीहोर। भगवान महर्षि वाल्मीकि की जयंती के पावन अवसर पर सीहोर में चल समारोह का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर निशांत वर्मा के नेतृत्व में उनके साथियों ने चल समारोह में सम्मिलित होकर भगवान महर्षि वाल्मीकि को नमन किया तथा उनके आदर्शों को स्मरण किया। चल समारोह के दौरान निशांत वर्मा व शोभित ठाकुर एवं साथियों ने समारोह अध्यक्ष उमेश परोचे सहित समस्त वाल्मीकि समाज के लोगों का निशांत वर्मा के द्वारा पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान निशांत वर्मा ने समाजजनों को महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दी गईं। आयोजन में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता का वातावरण देखने को मिला।

दुर्गा चौक पर 3 फीट तक कब्जे का मामला, पुराना सरकारी शौचालय तोड़ने की भी जांच

तहसीलदार न्यायालय रोक के आदेश के बाद भी सरकारी जमीन पर निर्माण जारी

अधिकारियों ने संबंधित पक्ष को सरकारी जमीन पर निर्माण नहीं करने की हिदायत दी थी। इसके बाद पटवारी ने मौके की जांच कर रिपोर्ट तैयार की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



तहसील परिसर से लगी सरकारी जमीन पर निर्माण का मामला सामने आया है। यहां पुरानी दुकान को तोड़कर नई दुकानें बनाई जा रही हैं। राजस्व विभाग की जांच रिपोर्ट में दुकान के पीछे करीब 3 फीट सरकारी जमीन पर निर्माण किए जाने की बात सामने आई है। इसी जगह पर वर्षों पुराना सरकारी शौचालय भी तोड़ दिया गया है। मामले में तहसीलदार न्यायालय ने 21 अक्टूबर को निर्माण रोकने का आदेश जारी किया था। इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने की जानकारी सामने आई है। इससे सरकारी जमीन की सुरक्षा और प्रशासनिक आदेश के पालन को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

18 अक्टूबर को अधिकारियों ने किया था निरीक्षण

मामले की जानकारी मिलने पर 18 अक्टूबर 2026 को नायब तहसीलदार आरती सोलंकी और पटवारी राजेश धनवारे मौके पर पहुंचे थे। अधिकारियों ने संबंधित पक्ष को सरकारी जमीन पर निर्माण नहीं करने की हिदायत दी थी। इसके बाद पटवारी ने मौके की जांच कर रिपोर्ट तैयार की। रिपोर्ट के अनुसार, पुराना सरकारी शौचालय तोड़ने के बाद वहां गड्ढे खोदे गए। इसके बाद सीमेंट-कंक्रीट के कॉलम बनाए गए और ईंटों की दीवार खड़ी की गई। निर्माण का आकार करीब 24 फीट लंबा और 3 फीट चौड़ा बताया गया है।

राजस्व रिकॉर्ड में सरकारी भूमि दर्ज :

पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर तहसीलदार न्यायालय ने 21 अक्टूबर 2026 को निर्माण रोकने का आदेश जारी किया। राजस्व रिकॉर्ड के अनुसार, भैरुंदा के सर्वे नंबर 192/3/2 और 193 की जमीन सरकारी दर्ज है। इन दोनों जमीनों का कुल रकबा 2.660 हेक्टेयर बताया गया है। आदेश में गफ्फार खां निवासी सर्वहरा कॉलोनी को अगले आदेश तक निर्माण बंद रखने और जमीन से जुड़े दस्तावेज तहसील कार्यालय में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर कार्रवाई की जाएंगी।

पुलिस की मदद से निर्माण रोकने के निर्देश : तहसीलदार सौरभ शर्मा ने आदेश का पालन कराने के लिए भैरुंदा थाना प्रभारी, राजस्व निरीक्षक और पटवारी को निर्देश दिए हैं। जरूरत पड़ने पर पुलिस की मदद से निर्माण कार्य रुकवाने को भी कहा गया है। साथ ही संबंधित अधिकारियों को की गई कार्रवाई की रिपोर्ट तहसीलदार न्यायालय में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। अब देखना होगा कि आदेश के बाद भी निर्माण जारी रहने की जानकारी पर प्रशासन क्या कार्रवाई करता है।

तहसीलदार बोले- जांच के बाद होगी कार्रवाई : तहसीलदार सौरभ शर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी मीडिया और पटवारी के माध्यम से मिली है। मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर में एक दिवसीय कन्या कौशल शिविर का किया आयोजन



सीहोर। सूर्या फाउंडेशन द्वारा संचालित माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, सीहोर में एक दिवसीय कन्या कौशल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, नैतिक मूल्यों, सामाजिक जागरूकता एवं जीवनोपयोगी कौशलों का विकास करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्य डॉ. विनीत गाबा के स्वागत उद्बोधन से हुआ। उन्होंने "असतो मा सद्गमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय, मृत्योर्मा अमृतं गमय" श्लोक के साथ अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए सभी अतिथियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने श्लोक की व्याख्या करते हुए अज्ञान से ज्ञान, अंधकार से प्रकाश तथा अविवेक से विवेक की ओर बढ़ने के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर गायत्री परिवार से पधारे अतिथियों डॉ. सुनीता गुप्ता, डॉ. उर्वशी सोनी, देवेंद्र श्रीवास्तव, विमल तेजराज, पारुल गुप्ता एवं अशोक सक्सेना का स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अतिथियों ने अपने विचारों एवं मार्गदर्शन से छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के उपप्राचार्य लोकेश सिंह सहित शिक्षकगण एवं छात्राएँ उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का सफल संचालन एवं आभार प्रदर्शन विद्यालय के शिक्षक अमित दुबे द्वारा किया गया। शिविर के माध्यम से छात्राओं को शिक्षा के साथ संस्कार, आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच एवं जिम्मेदार नागरिकता के महत्व को समझने का अवसर प्राप्त हुआ।

भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाना संघ का लक्ष्य : अमिताभ श्रीवास्तव



भैरुंदा। नगर भैरुंदा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से पथ संचलन निकाला गया। पथ संचलन हाईस्कूल मैदान से शुरू होकर जेपी मार्केट, रॉयल मार्केट, छोटा बाजार, किसान मोहल्ला, सीहोर नाका, दुर्गा मंदिर, सर्वहारा कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी और मंडी गेट होते हुए वापस हाईस्कूल मैदान पहुंचकर संपन्न हुआ। इस दौरान स्वयंसेवकों में उत्साह और अनुशासन देखने को मिला। नगर में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने पुष्पवर्षा कर पथ संचलन का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता अमिताभ श्रीवास्तव ने कहा कि भारत माता को परम वैभव तक पहुंचाना राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि संघ पर तीन बार प्रतिबंध लगाए गए, लेकिन स्वयंसेवकों के राष्ट्र के प्रति निरंतर कार्य के कारण ये प्रयास सफल नहीं हुए। उन्होंने कहा कि संघ की गणवेश राष्ट्र के प्रति समर्पण और देशभक्ति की भावना का प्रतीक है। संघ समाज में राष्ट्र सेवा और देशभक्ति के विचारों को आगे बढ़ाने का काम करता है। उन्होंने बताया कि संघ ने पांच संकल्प तय किए हैं। इनमें स्वयं के लिए स्व का बोध, समाज के लिए सामाजिक समरसता, परिवार के लिए कुटुंब प्रबोधन, राष्ट्र के लिए नागरिक कर्तव्य और पृथ्वी के लिए पर्यावरण संरक्षण शामिल हैं। इन संकल्पों पर काम करके देश को परम वैभव तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिला संघचालक रामानंद महेश्वरी, खंड संघचालक बृजमोहन गौड़ सहित अन्य स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

शरद पूर्णिमा पर भारत माता उत्सव समिति ने आयोजित किया समरसता महोत्सव

भैरूंदा। शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर में धार्मिक आस्था, भक्ति और उल्लास का वातावरण देखने को मिला। पर्व पर घर-घर खीर बनाने की परंपरा निभाई गई। लोगों ने रात में अपने घरों की छतों पर खीर को चंद्रमा की चांदनी में रखा और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बाद में उसे प्रसाद के रूप में ग्रहण किया। तिथियों में अंतर के चलते नगर में शरद पूर्णिमा से जुड़े धार्मिक आयोजन लगातार दो दिनों तक हो रहे हैं। इस दौरान मंदिरों, धार्मिक स्थलों और सामाजिक संगठनों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

भारत माता उत्सव समिति के तत्वावधान में भारत माता उत्सव स्थल पर शरद पूर्णिमा के अवसर पर समरसता महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगीतमय सुंदरकांड पाठ के माध्यम से भक्तिमय वातावरण निर्मित हुआ।



भगवान श्रीराम की महिमा और हनुमानजी की भक्ति से ओतप्रोत सुंदरकांड पाठ के साथ श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ प्राप्त किया। आयोजन के दौरान 150 लीटर खीर एवं पोहे का प्रसाद वितरित किया गया।

समिति द्वारा आयोजित इस महोत्सव का उद्देश्य धार्मिक आयोजनों के माध्यम से समाज में आपसी सद्भाव, भाईचारे और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करना है। आयोजन में धर्म और सेवा के साथ सामाजिक एकता का संदेश दिया गया।

चंद्रमा की चांदनी में खीर रखने की परंपरा : शरद पूर्णिमा का हिंदू धर्म में विशेष धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व माना जाता है। आश्विन मास की पूर्णिमा को मनाए जाने वाले इस पर्व पर चंद्रमा अपनी पूर्ण कलाओं के साथ दिखाई देता है। इसी मान्यता और परंपरा के चलते नगर में अनेक परिवारों ने घरों में खीर तैयार की। रात्रि में घरों की छतों पर खीर को चंद्रमा की चांदनी में रखा गया और इसके बाद परिवार के सदस्यों ने खीर का प्रसाद ग्रहण किया। शरद पूर्णिमा को भगवान श्रीकृष्ण की महारास लीला से भी जोड़कर देखा जाता है।

वाल्मीकि जयंती चल समारोह का नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने किया स्वागत

चल समारोह के अध्यक्ष उमेश पारोचे व उनकी पूरी टीम का किया सम्मान, सामाजिक समरसता और महापुरुषों के आदर्शों को आत्मसात करने का दिया संदेश

सीहोर। महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर निकाले गए चल समारोह का कोतवाली चौराहे पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के नेतृत्व में स्वागत किया गया। इस अवसर पर चल समारोह के अध्यक्ष उमेश पारोचे एवं उनकी पूरी टीम का पुष्पमालाओं से स्वागत कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक सद्भाव, एकता और महर्षि वाल्मीकि के आदर्शों के प्रति सम्मान का भाव देखने को मिला।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन और उनके विचार समाज को सदैव सत्य, धर्म, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने रामायण जैसे महान ग्रंथ की रचना कर भारतीय संस्कृति और समाज को अमूल्य धरोहर प्रदान की है। महर्षि वाल्मीकि जी के आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर एक समरस एवं सशक्त समाज के निर्माण में योगदान देना चाहिए। आगे बोलते हुए उन्होंने कहा कि वाल्मीकि जयंती केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारे, सम्मान और एकता को मजबूत करने का अवसर है। नगर पालिका सदैव ऐसे सामाजिक एवं धार्मिक आयोजनों का सम्मान करती है और सभी समाजों के साथ मिलकर शहर के विकास एवं सामाजिक समरसता के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष विपिन शास्ता, पार्षद राजेश माझी, विजेंद्र परमार, अर्जुन राठौर, कमलेश राठौर, संतोष शाक्य, प्रदीप गौतम,मांगू दादा, कमलेश कुशवाह, राहुल राय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने चल समारोह का स्वागत कर महर्षि वाल्मीकि जी के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की।



महर्षि वाल्मीकि जयंती पर पूर्व नपा अध्यक्ष राकेश राय ने चल समारोह का किया स्वागत



सीहोर। महर्षि वाल्मीकि जयंती के पावन अवसर पर शहर में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता का माहौल देखने को मिला। जयंती के अवसर पर निकाले गए चल समारोह का समाजसेवी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने आत्मीयता के साथ स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर नमन करते हुए उनके आदर्शों और विचारों को स्मरण किया। श्री राय ने महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महर्षि वाल्मीकि जी का जीवन समाज को सत्य, सदाचार, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं और समाज में सद्भाव, भाईचारे तथा नैतिक मूल्यों को मजबूत करने का संदेश देती हैं। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की जयंती केवल उत्सव मनाने का अवसर नहीं, बल्कि उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने का भी अवसर है। ऐसे आयोजन समाज में एकता और आपसी सौहार्द को बढ़ावा देते हैं। चल समारोह के स्वागत के माध्यम से राकेश राय ने सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपराओं के प्रति सम्मान का संदेश दिया। महर्षि वाल्मीकि जयंती के अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों के सुख, समृद्धि और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

महर्षि वाल्मीकि के आदर्श सदैव समाज को प्रेरित करते रहेंगे। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार धर्मेन्द्र यादव, समाजसेवी मुनव्वर मामू, गोविन्द शर्मा, नावेद जाफरी और प्रवेश राजपूत आदि शामिल थे।

गरबा महोत्सव की प्रतिभागियों के चेहरे खिले

राय परिवार ने निभाया जेन-जी बालिकाओं से किया वादा, वॉटर पार्क में जमकर हुआ फन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अरुणा सुदेश राय प्रतिभा निखार मंच द्वारा आयोजित ऐतिहासिक क्रिसेंट गरबा महोत्सव का खुमार अभी उतरा भी नहीं था कि सीहोर की जेन-जी बालिकाओं को राय परिवार की ओर से एक और शानदार तोहफा मिल गया। गरबा महोत्सव के समापन पर राय परिवार के सबसे वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय द्वारा किया गया वादा अब हकीकत में बदल गया है। किए गए प्रामिस के मुताबिक राय परिवार ने प्रतिभागी बालिकाओं के लिए क्रिसेंट वॉटर पार्क में एक दिन का विशेष फ्री फन-डे आयोजित किया, जहां बालिकाओं ने वॉटर राइड्स, म्यूजिक और डांस के साथ जमकर मस्ती की।

उल्लेखनीय है कि 5 हजार से अधिक बालिकाओं के सामूहिक गरबे से जब पूरा सीहोर गूंज उठा था, तब मंच से पूर्व नपाध्यक्ष राकेश राय ने सभी प्रतिभागियों के लिए वॉटर पार्क में एक दिन की फ्री एंट्री का ऐलान किया था। इसी वादे को पूरा करने के लिए समाजसेविका अरुणा सुदेश राय गरबा महोत्सव में भाग लेने वाली सैकड़ों बालिकाओं को साथ लेकर क्रिसेंट वॉटर पार्क पहुंचीं। पूरे दिन वॉटर पार्क में बालिकाओं के ठहाके, वॉटर स्पलैश, फन राइड्स और गानों पर डांस की धूम रही।

खूब पढ़ो, आगे बढ़ो और सीहोर का नाम रोशन करो

कार्यक्रम के दौरान पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय ने बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमने जो प्रॉमिस अपनी बेटियों से किया था, उसे पूरा कर आज हमें अपार खुशी हो रही है। आप यहां बेफिक्र होकर खूब एन्जॉय करें। राय परिवार आपके हुनर को निखारने और आपकी खुशियों के लिए क्रिसेंट वॉटर पार्क में हमेशा इस तरह के आयोजन रखता रहेगा। हमारी ईश्वर से यही प्रार्थना है कि आप खूब खुश रहें, मन लगाकर पढ़ाई करें और आगे बढ$कर अपने परिवार, समाज और पूरे सीहोर का नाम रोशन करें।

प्रतिभाओं को निखारने राय परिवार हर संभव प्रयास करेगा

इस दौरान समाजसेविका अरुणा राय ने भी बालिकाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप सभी बेटियों की मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है कि क्रिसेंट गरबा महोत्सव की गूंज केवल सीहोर ही नहीं, बल्कि पूरे मध्य प्रदेश में सुनाई दी है। विधायक सुदेश राय और पूरा राय परिवार बालिकाओं तथा उभरती हुई प्रतिभाओं को आगे लाने और उन्हें बेहतर मंच प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास और सहयोग जारी रखेगा।

12 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालयों पर दो घंटे होगा प्रदर्शन, मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम सौंपेंगे ज्ञापन

पेंशनर्स एसोसिएशन का प्रदेशव्यापी धरना 28 अक्टूबर को





सीहोर। प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रांतीय अध्यक्ष श्याम जोशी एवं समस्त प्रांतीय पदाधिकारियों के आह्वान पर राज्य सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये के विरोध में 28 अक्टूबर को संपूर्ण मध्यप्रदेश के जिला मुख्यालयों पर दो घंटे का प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। पेंशनर्स एसोसिएशन का आरोप है कि लंबे समय से विभिन्न मांगों को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक पेंशनभोगियों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ है।

प्रमुख पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुन्दरलाल राठौर ने बताया कि मांगों को लेकर विस्तृत ज्ञापन सौंपने और वित्त मंत्री के समक्ष प्रतिनिधिमंडल द्वारा विस्तार से चर्चा किए जाने के बावजूद कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। पेंशनर्स को केंद्र के समान महंगाई भत्ते का आदेश 10 माह बीतने के बाद भी जारी नहीं हुआ है। वहीं, 32 एवं 27 माह के एरियर का भुगतान न्यायालय के आदेश के बाद भी लंबित है। इसके अलावा पेंशनभोगियों को कैशलेस स्वास्थ्य बीमा का लाभ नहीं दिए जाने पर भी नाराजगी जताई गई है। एसोसिएशन की प्रमुख मांगों में 80 वर्ष की आयु पर मिलने वाले विशेष लाभ के स्थान पर 65, 70, 75 एवं 80 वर्ष की आयु पूरी करने पर प्रत्येक चरण में 5-5 प्रतिशत अतिरिक्त महंगाई राहत दिए जाने की मांग भी शामिल है। संगठन का कहना है कि पेंशनभोगियों की लंबित मांगों पर सरकार को शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेना चाहिए। प्रांतीय अध्यक्ष श्याम जोशी एवं उपप्रांताध्यक्ष के.एल.बैरागी के आह्वान पर आयोजित इस आंदोलन के तहत सीहोर में भी जिला पदाधिकारियों के निर्देशानुसार दिनांक 28 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12 से 2 बज तक कलेक्टर कार्यालय के समक्ष दो घंटे धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इसके पश्चात पेंशनभोगियों की 12 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन के नाम जिला प्रशासन को सौंपा जाएगा। एसोसिएशन ने प्रदेश के पेंशनभोगियों से आंदोलन में सहभागिता कर अपनी मांगों के समर्थन में एकजुटता प्रदर्शित करने का आह्वान किया है।

राजपूत समाज ने पहली बार दशहरा मिलन समारोह आयोजित किया

राजपूत अपनी भागीदारी के साथ देश के विकास में भूमिका निभाते आ रहेः सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के आवास कॉलोनी स्थित राजपूत समाज धर्मशाला में दशहरा मिलन समारोह का पहली बार आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रियव्रतसिंह खिलचीपुर एवं समाज के वरिष्ठ जन मौजूद रहे।इस पुनीत अवसर पर समाज की पांच बेटियों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि खिलचीपुर दरबार प्रियव्रत सिंह ने कहा कि हमेशा हर युग में शुरू से राजपूत समाज ने संघर्ष किया आज भी संघर्ष जा रही है।हर युग में राजपूत सत्ता के केंद्र में रहे हैं, प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सत्ता में राजपूतों ने अपनी भागीदारी निभाते हुए देश के विकास में अहम भूमिका निभाते आ रहे हैं। भगवान श्री राम ,श्री कृष्ण ने भी क्षत्रिय कुल में जन्म लिया , हर समाज के लिए संघर्ष किया है, राजपूत समाज की अपनी विशेष पहचान है जो हमेशा संघर्ष के साए के साथ हर सामाजिक की बात करता है, आधुनिक युग में भी संघर्ष करना पड़ेगा सुधार करना पड़ेगा तभी समाज आगे बढ़ेगा।

इसके लिए तलवार से नहीं कलम से हम आगे बढ़े, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि



राजपूत धर्मशाला के लिए जो भी संभव होगा मदद की जाएगी। इस अवसर पर समाज की पांच छात्राओं को महाराणा प्रताप की तस्वीर भेंटकर सम्मानित किया। जिनमें कुमारी अंजू सोनगरा, कुमारी अंजना सोनगरा, कुमारी भूमिका सोनगरा, कुमारी रविंद्र शसिंह सोनगरा, कुमारी रूथिया सोनगरा का सम्मान कर कहा कि मातृशक्ति के बिना विकास संभव नहीं है। समारोह में प्रमुख रूप से ठाकुर शिवनाथ सिंह, ठा राजेंद्र सिंह रामगढ़ , ठा भगवत सिंह रामगढ़ , सरपंच कु. रानू बना , ठा हरि सिंह आगरिया , ठा रणवीरसिंह चैहान धतरावदा रायल स्कूल जीरापुर , ठा रूप सिंह, ठा देवेंद्र सिंह लखोनी, ठा भगवान सिंह धनौदा , ठा बालसिंह खेड़ा , ठा रघुवीर सिंह रुपाहेड़ा , कुंवर राजवीरसिंह सिरपोई , ठा प्रहलाद सिंह , कुंवर समर सिंह , ठा जगन्नाथ सिंह मोहन , सरपंच पप्पू सिंह चिलावाद , ठा पर्वत सिंह , मोकमसिंह बांगपुरा सहित लगभग 300 से अधिक सदस्य शामिल हुए। संचालन विक्रमसिंह राठौड़, ठाकुर लक्ष्मणसिंह चौहान तथा आभार ब्लॉक अध्यक्ष महेश्वर सिंह चौहान ने माना।

पेंशनर संघ का दशहरा मिलन समारोह आयोजित

जीरापुर। स्थानीय पेंशनर संघ द्वारा पेंशनर भवन में रविवार को दशहरा मिलन समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें तहसील अंतर्गत समस्त पेंशनरों ने सम्मिलित होकर एक दूसरे पेंशनर को विजयादशमी की शुभकामनाएं दी।तथा पेंशनर के स्वास्थ्य लाभ, दीर्घायु जीवन एवं खुशहाल परिवार की मंगल कामना भी की गई।इस दौरान पेंशनरों ने आपस में भी एक दूसरे के हाल-चाल जाने एवं आपस में सौहार्द्र मय वातावरण में खुशी मनाते हुए नगर वासियों के लिए मंगल मय कामना की। इसी अवसर पर पेंशनर संघ अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद ने संचालन करते हुए जीवित प्रमाण पत्र बैंक में समय पर प्रस्तुत करने , नामांकन करने संबंधी अन्य जानकारियां भी दी ।जहां कार्यक्रम की अध्यक्षता ठाकुर मोहन सिंह जमींदार ने की।कार्यक्रम में पेंशनर प्रोफेसर रामबाबू गुप्ता , प्रोफेसर राधावल्लभ गुप्ता ने भी अपने-अपने विचार रखें, पेंशनर रमेशचंद्र शर्मा, मांगीलाल अहीरवाल, गोवर्धनसिंह वर्मा, रामरतन कुशवाह, आरसी चैरसिया, गुलाबचंद सोनी सहित पेंशनर संघ अन्य सदस्य मौजूद रहे।

यादव समाज ने दशहरा मिलन व शरद पूर्णिमा मनाई

कार्यकारिणी को भंग की, अध्यक्ष पद के लिए 5 युवाओं ने की दावेदारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

यादव समाज का जिला स्तरीय दषहरा मिलन समारोह और शरद पूर्णिमा महोत्सव रविवार को सुठालिया रोड स्थित यादव समाज धर्मशाला में आयोजित किया गया। इस दौरान जिलेभर से समाज के जनप्रतिनिधि और पदाधिकारियों ने शामिल होकर एक-दूसरे को बधाई दी।

इस दौरान आयोजित सभा में यादव समाज द्वारा प्रतिवर्ष मनाया जाने वाले श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर समिति अध्यक्ष भगवान सिंह यादव ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि समाज द्वारा मेरे को जो जिम्मेदारी सौंपी गई थी, उसका तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है, अब आगे किसी ओर का अध्यक्ष बनाया जाए। मैं अपनी वर्तमान कार्यकारिणी को भंग करता हूँ। इस दौरान उन्होने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव में खर्च हुए आय-व्यय का ब्योरा समिति के कोषाध्यक्ष अषोक यादव माध्यम से समाज के बीच में पेष किया। इसके बाद समाज में अध्यक्ष पद के लिए पांच युवाओं ने अपनी दावेदारी समाज के बीच में रखी, जहा पांच की आपसी खीचतान के चलते सामंजस नहीं बैठने पर समाज ने फिर से भगवानसिंह यादव को पुनः समिति का अध्यक्ष मनोनित कर कार्यकाल का आगे बढ़ा दिया।

इस अवसर समाज के जिलाध्यक्ष राजगढ़ विधायक अमरसिंह यादव, अखिल भारतीय यादव महासभा अहीर प्रदेष अध्यक्ष रामगोपाल यादव, समाज के वरिष्ठ व्यवसाय लक्ष्मीनारायण यादव, यादव महासभा जिलाध्यक्ष सुरेषचंद्र यादव, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष दिलवर यादव, षिक्षक चंदरसिंह यादव मलावर, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रमेष यादव भाटखेड़ी, पुरूषोत्तम यादव करनवास, यादव धर्मषाला उज्जैन कोषाध्यक्ष नेमसिंह यादव सहित अन्य ने संबोधित किया। संचालन पत्रकार सत्यनारायण यादव निवानिया ने किया। इस अवसर पर समाज के बड़ी संख्या में समाजजन, युवा शामिल हुए।

शिवदर्शन कॉलोनी में पेयजल पाइप कार्य का शुभारंभ

क्षेत्र में पेयजल की समस्या से मिलेगी निजातः पार्षद गोस्वामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

नगरपालिका वार्ड नं. 26 स्थित शिवदर्शन कॉलोनी में करीब 7 लाख रू. की लागत से निर्मित पेयजल पाईप लाईन कार्य का शुभारंभ 26 अक्टूबर, सोमवार को किया गया। शुभारंभ अवसर पर नगरपालिका जलकर समिति सभापति निलेश जैन, वार्ड पार्षद संगीता शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। वार्ड पार्षद संगीता शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी ने बताया कि शिवदर्शन कॉलोनी में पेयजल पाईन लाईन नहीं होने से क्षेत्र के रहवासियों को पीने के पानी की समस्या का सामना कई वर्षों से करना पड़ रहा था। उनके द्वारा नपाध्यक्ष गुर्जर से मांग करने पर आज इस क्षेत्र में पाईप लाईन डालने का कार्य शुरू हो गया है जिससे जल्द ही क्षेत्रवासियों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी व उन्हें नियमित पेयजल उपलब्ध होगा। नपा जलकल समिति



सभापति निलेश जैन ने कहा कि क्षेत्र की संगीता शैलेन्द्रगिरी गोस्वामी व रहवासियों की मांग पर नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर के निर्देश पर पाईप लाईन डालने का काम शुरू किया गया है। उन्होंने नगरपालिका के एरिया इंचार्ज धर्मेश राव को निर्देश दिये कि यह कार्य जल्द पूर्ण किया जाए जिससे क्षेत्रवासियों को पानी उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर एल्डरमैन नगेन्द्रसिंह चौहान, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि किशोर शास्त्री, वार्ड अध्यक्ष कोमलदास बैरागी, कपिल माली, हेमन्त गोस्वामी, राकेश चौधरी सहित नपा इंजीनियर शाहिद मिर्जा, जलकर प्रभारी शाहीद चौधरी, नपा कर्मचारी मुकेश नामदेव, रामचन्द्र, श्यामलाल व क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

जिला कांग्रेस की विस्तारित बैठक में अभियान का रोडमैप तैयार, गांधी चौराहे से सरदार पटेल चौराहे तक निकाला पैदल मार्च

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान को पंचायत और बूथ स्तर तक पहुंचाएगी कांग्रेसः चरणसिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

कांग्रेस के 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान को मंदसौर जिले में पंचायत और बूथ स्तर तक व्यापक रूप से पहुंचाने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी ने संगठनात्मक रोडमैप तैयार किया है। अभियान के तहत विधानसभा स्तरीय सम्मेलन, ब्लॉक स्तर पर बैठकें और पंचायतों में चौपाल आयोजित कर आम नागरिकों से संवाद किया जाएगा। वहीं, 1 नवंबर को दिल्ली में आयोजित होने वाली विशाल रैली के लिए भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया है। सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यालय, मंदसौर में कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं जिले के केंद्रीय पर्यवेक्षक चरणसिंह सापरा की उपस्थिति में आयोजित विस्तारित बैठक में अभियान की रूपरेखा,



संगठनात्मक तैयारियों और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में जिला संगठन प्रभारी सदाशिव यादव और जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर , पूर्व विधायक नवकृष्ण पाटिल पुष्पा भारतीय सहित वरिष्ठ कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए जनआंदोलन बनाएंगेः बैठक को संबोधित करते हुए चरणसिंह सपरा ने कहा कि 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान को व्यापक जनआंदोलन का रूप दिया जाएगा। प्रत्येक कांग्रेस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाए और आम नागरिकों तक इसके उद्देश्य पहुंचाए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार के कार्यकाल में लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक मूल्यों पर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। मतदाता सूचियों में कथित अनियमितताओं और वोट चोरी के मुद्दे को गंभीर बताते हुए उन्होंने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता और मताधिकार की रक्षा सुनिश्चित करना लोकतंत्र के लिए आवश्यक है।

सापरा ने कहा कि अभियान के तहत पंचायत स्तर पर चौपालें आयोजित कर लोगों से सीधा संवाद किया जाएगा। मतदाता सूची से संबंधित शिकायतों और विसंगतियों को सामने लाकर नागरिकों को अपने मताधिकार के प्रति जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदसौर जिले में कांग्रेस का संगठन बूथ स्तर तक तैयार है और संगठनात्मक संरचना की रिपोर्ट अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी को प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने दिल्ली में आयोजित विरोध प्रदर्शनों के दौरान महिलाओं और युवाओं के साथ कथित अभद्रता का मुद्दा उठाते हुए इसकी निंदा की तथा कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज उठाने वाले नागरिकों के अधिकारों का सम्मान किया जाना चाहिए।

समाज की एकता और शिक्षा पर दिया जोर

भव्यता के साथ मनाई गई वीर शिरोमणि आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी जन्मजयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर

सकल वाल्मीकि समाज के तत्वावधान में गांधी चौराहा स्थित श्याम बाबा मंदिर प्रांगण में वीर शिरोमणि आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जी की जन्मजयंती अत्यंत हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाई गई। इस भव्य आयोजन में समाज की माताएं, बहनें, वरिष्ठजन और युवा साथियों ने बड़ी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और सहभागिता निभाई। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत महिला शक्ति द्वारा महर्षि वाल्मीकि जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर की गई, जिसके पश्चात समाज के प्रबुद्धजनों ने जयंती के उपलक्ष्य में अपने विचार रखे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वाल्मीकि सेना मार्शल कौम के प्रदेश महामंत्री एवं उज्जैन संभाग प्रभारी विनोद खैरालिया ने कहा कि हमें अपने महापुरुषों और गुरुओं के दिखाए गए मार्ग पर चलना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि आज समाज को राजनीतिक नेताओं की नहीं, बल्कि सच्चे सामाजिक नेतृत्व की आवश्यकता है, जो समाज के कर्मचारियों और अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूती से लड़ सके। थानसिंह घावरी ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान वाल्मीकि जी ने जिस कलम से रामायण की रचना कर दी थी, उसी कलम को आज हमें अपने समाज के उत्थान और अधिकारों के लिए हथियार बनाना पड़ेगा। समाज के पटेल मुकेश चनाल ने महर्षि वाल्मीकि के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने सदियों तक घोर तपस्या की थी।

महाराजा अजमीढ़ देव जयंती पर स्वर्णकार समाज ने निकाला चल समारोह, सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर

नगर में रविवार को स्वर्णकार समाज द्वारा महाराजा श्री अजमीढ़ देव जी की जयंती धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर समाजजनों ने चल समारोह निकाला, जिसका नगर के प्रमुख मार्गों पर विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया।चल समारोह सुबह करीब 11 बजे बस स्टैंड स्थित श्रीराम-जानकी मंदिर से प्रारंभ हुआ। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए चंद्रवंशी खाती समाज धर्मशाला पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यहां महाराजा श्री अजमीढ़ देव जी की पूजा-अर्चना कर आरती की गई।

शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यवसाय में आगे बढ़ने पर जोर

पूजन-अर्चना के बाद आयोजित सामाजिक चर्चा में समाज के वरिष्ठजनों, पदाधिकारियों, युवाओं और महिलाओं ने सहभागिता की। इस दौरान समाज की आगामी गतिविधियों और विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया। वक्ताओं ने समाज की प्रगति के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य और व्यवसाय के क्षेत्र में आगे बढ़ने, युवाओं को प्रोत्साहित करने तथा सामाजिक एकजुटता बनाए रखने पर जोर दिया।कार्यक्रम के अंत में समाजजनों ने सामूहिक रूप से भोजन प्रसादी ग्रहण की। आयोजन में स्वर्णकार समाज के प्रदेश, जिला एवं नगर स्तर के पदाधिकारियों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठजनों, महिलाओं, युवक-युवतियों सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

मां नवदुर्गा मंडल समिति ने आयोजित किया कन्या भोज

कन्याओं को कुमकुम व अक्षत से तिलक लगाकर बिंदिया धारण कराई, चरणों में श्रद्धा व्यक्त करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के स्वामी विवेकानंद चौराहे पर नवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर माँ नवदुर्गा मंडल समिति द्वारा माता रानी की झांकी सजाकर प्रतिदिन विशेष श्रृंगार कर पुजा अर्चना एवं प्रसाद वितरण किया जाता है। इसी कड़ी में रविवार को समिति के तत्वावधान में विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया। कन्या भोज में नगर के विभिन्न स्कूलों की छात्राओं सहित गरबा करने वाली कन्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और महाप्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने कन्याओं को कुमकुम एवं अक्षत से तिलक लगाकर बिंदिया धारण कराई तथा उनके चरणों में श्रद्धा व्यक्त करते हुए आशीर्वाद प्राप्त कर उपहार भेंट किए।



अभियान का उद्देश्य निरक्षर लोगों को साक्षर बनाना

उल्लास नवभारत साक्षरता अभियान में 7,720 लोगों ने दी परीक्षा



हरिभूमि न्यूज ⏭ खुजनेर

राज्य शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत राजगढ़ विकासखंड में 7,720 महिला-पुरुषों ने परीक्षा में सहभागिता की। अभियान का उद्देश्य निरक्षर लोगों को साक्षर बनाकर समाज से निरक्षरता का कलंक मिटाना है। कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा के आदेश, जिला पंचायत सीईओ इच्छित गढ़पाले के मार्गदर्शन तथा जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी के.एन. गुप्ता के नेतृत्व में अभियान संचालित किया जा रहा है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी कैलाश नारायण सोनी एवं सह-समन्वयक दीपक चैधरी ने विभिन्न सामाजिक चेतना केंद्रों का निरीक्षण किया।

अधिकारियों ने बताया कि शिक्षित व्यक्ति अक्षर साथी बनकर इस अभियान में योगदान दे सकते हैं। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थी भी चार-चार निरक्षर व्यक्तियों को पढ़ने-लिखने में सहयोग कर सकते हैं। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खुजनेर के जन शिक्षक नारायण सिंह पंवार एवं प्रदीप व्यास ने सभी से साक्षरता अभियान में सहयोग की अपील की। वहीं, विकासखंड सह-समन्वयक लोकेंद्र कोसरवार ने भी सामाजिक चेतना केंद्रों का अवलोकन किया। खुजनेर संकुल के विभिन्न प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में परीक्षा आयोजित की गई। सभी परीक्षा केंद्रों पर संकुल समन्वयक विनीता जैन ने उपस्थिति दर्ज की।

शासकीय कन्या हाई स्कूल में नव-साक्षरों ने दी मूल्यांकन परीक्षा



मांचलपुर। उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय कन्या हाई स्कूल में नव-साक्षर महिला एवं पुरुषों के लिए बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता मूल्यांकन परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में विभिन्न आयु वर्ग के शिक्षार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।परीक्षा के दौरान नव-साक्षरों में उत्साह देखने को मिला। पढ़ना-लिखना सीखने के बाद शिक्षार्थियों ने मूल्यांकन परीक्षा में शामिल होकर अपनी सहभागिता दर्ज कराई। परीक्षा के सुव्यवस्थित संचालन में विद्यालय के शिक्षकों एवं अक्षर साथियों ने सहयोग किया।

अधिकारियों ने किया परीक्षा केंद्र का अवलोकन

राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल के संचालक ए.के. सिंह ने परीक्षा केंद्र का अवलोकन किया और परीक्षार्थियों से चर्चा की। इस अवसर पर राजगढ़ के जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी के.एन. गुप्ता, ब्लॉक साक्षरता समन्वयक सुरेश दांगी, संकुल समन्वयक बनवारी शर्मा, जन शिक्षक बालचंद दांगी एवं योगेंद्र सिंह मंडलोई सहित शासकीय कन्या हाई स्कूल मांचलपुर के शिक्षक-शिक्षिकाएं और स्टाफ उपस्थित रहे।इस दौरान अतिथियों ने नव-साक्षरों का तिलक लगाकर एवं फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने शिक्षार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, आष्टा, जिला सीहोर, म.प्र.

क्रमांक/1804/टेण्डरिंग/तक. शा./न.पा./2026 आष्टा दिनांक 21.10.2026

:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

एतद् द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन (Online) निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्य का विवरण निम्नानुसार हैः-

क्र.	ऑनलाईन टेंडर नं.	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD_544313_1	वार्ड क्र. 10 अखाडे एवं कब्रस्तान के गेट पर शेड निर्माण कार्य ।	03 माह 2180793/-	5000/- 16360/-	21.11.2026 सायं 17.30 तक
2	2026_UAD_544313_2	निकाय क्षेत्रांतर्गत एसडीओपी कार्यालय से नगर पालिका आवासीय परिसर तक सीसी रोड निर्माण कार्य ।	03 माह 2586505/-	5000/- 19400/-	21.11.2026 सायं 17.30 तक
3	2026_UAD_544313_3	वार्ड क्र. 16 में नदी वाले टर्फ से मैन रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य ।	03 माह 3323390/-	5000/- 24930/-	21.11.2026 सायं 17.30 तक
4	2026_UAD_544313_4	वार्ड क्र. 16 में अमजद भाई के मकान से मैन रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य ।	02 माह 1208551/-	5000/- 9065/-	21.11.2026 सायं 17.30 तक

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। जी.एस.टी. पृथक से देय होगी। निकाय की वित्तीय स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए संबंधित ठेकेदार को भुगतान किया जायेगा।

विनोद कुमार प्रजापति	कमलेश जैन	सिद्धीका बी भूरू भाई	हेमकुंवर रायसिंह मेवाडा
मुख्य न.पा. अधिकारी	प्रभारी	उपाध्यक्ष	अध्यक्ष
न.पा.प. आष्टा	लो.नि. विभाग, न.पा. आष्टा	न.पा.प. आष्टा	न.पा.प. आष्टा

खबर संक्षेप

वार्ड 15 में मन की बात कार्यक्रम सुना

आष्टा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 139वें एपिसोड का लाइव प्रसारण रविवार को वार्ड क्रमांक 15 के बूथ क्रमांक 188 स्थित विधायक कार्यालय पर हुआ। विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर की मौजूदगी रही। भाजपा कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम सामूहिक रूप से सुना। सभी ने प्रधानमंत्री के देशहित से जुड़े संदेश ध्यान से सुने। प्रधानमंत्री मन की बात के जरिए सामाजिक सरोकार, जनभागीदारी, राष्ट्र निर्माण, जनकल्याण के विषयों पर विचार साझा करते हैं। कार्यक्रम के बाद कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

महर्षि वाल्मीकि जयंती पर किया स्वागत

सीहोर। भगवान श्री महर्षि वाल्मीकि जी की जयंती के पावन अवसर पर सीहोर में भव्य चल समारोह का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर निशांत वर्मा के नेतृत्व में शोभित ठाकुर एवं उनके साथियों ने चल समारोह में सम्मिलित होकर भगवान श्री महर्षि वाल्मीकि जी को नमन किया तथा उनके आदर्शों को स्मरण किया। चल समारोह के दौरान शोभित ठाकुर एवं साथियों ने समारोह अध्यक्ष उमेश परोचे सहित समस्त वाल्मीकि समाज के लोगों का निशांत वर्मा के द्वारा पुष्पहारों से आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान समाजजनों को महर्षि वाल्मीकि जयंती की शुभकामनाएं दी गईं। आयोजन में श्रद्धा, उत्साह और सामाजिक समरसता का वातावरण देखने को मिला। इस अवसर पर विनीत गोयल, नरेन्द्र खंगारले, निशांत वर्मा, कमलेश चांडक, कन्हैया वशिष्ठ, दुर्गेश परिहार, शुभम नाविक, पवन मालवी, विनोद नाविक, अमित वर्मा पोपट, राजू किरार, हरिओम मेवाड़ा, नीलेश प्रजापति, दीपक उमरे, मोनू कुशवाहा, योगेश कुशवाहा, मोनू वशिष्ठ एवं गोलू कुशवाहा नाटी सहित अन्य साथी उपस्थित रहे।

रामायण लिखने वाले वाल्मीकि जी हैं हम सबके: राय

सीहोर। भगवान महर्षि वाल्मीकि की जयंती के पावन अवसर पर सीहोर में भव्य चल समारोह श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। चल समारोह में सम्मिलित होकर विधायक सुदेश राय ने सभी वाल्मीकि समाज जनों को भगवान वाल्मीकि जयंती की बधाई शुभकामनाएं दी। विधायक राय ने कहा कि रामायण लिखने वाले वाल्मीकि जी हम सबके लिए पूजनीय हैं और वहां हमारे महर्षि हैं। विधायक राय ने वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ जनों समाज के पदाधिकारी का फूल मालाए पहनाकर स्वागत सम्मान किया। समारोह में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए और भगवान महर्षि वाल्मीकि जी के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। चल समारोह वाल्मीकि कॉलोनी से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तिलक पार्क पहुंचा। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर समाजजनों एवं नागरिकों ने चल समारोह का स्वागत किया। वाल्मीकि कॉलोनी से लेकर तिलक पार्क तक जगह-जगह स्वागत कर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया गया। पूरे मार्ग में धार्मिक उत्साह और सामाजिक एकता का माहौल देखने को मिला। तिलक पार्क में चल समारोह का समापन हुआ। यहां विधिवत आरती की गई।

शरद पूर्णिमा पर शीतला माता मंदिर पहाड़ी पर हुई महाआरती

रात में 151 दीपों से जगमगाया कजलास पहाड़ी पर बना माता शीतला का दरबार

मंदिर समिति द्वारा 151 घी के दीप प्रज्वलित कर मां शीतला की महाआरती का शुभारंभ किया। कजलास पहाड़ी पर स्थित शीतला माता मंदिर लगभग 500 वर्ष पुराना है। सात गांव के लोग चलाते है समिति।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शरद पूर्णिमा की पावन रात पर आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला। क्षेत्र के प्रसिद्ध और चमत्कारी श्री शीतला माता मंदिर, कजलास पहाड़ी पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया।मंदिर समिति द्वारा 151 घी के दीप प्रज्वलित कर मां शीतला की महाआरती का शुभारंभ किया गया। जैसे ही महाआरती शुरू हुई, ढोल-नगाड़ों की थाप और 'जय शीतला माता' के जयकारों से पूरी पहाड़ी गूंज उठी। महाआरती में जावर सहित आसपास के गांवों से सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए और माता का आशीर्वाद लिया।

500 वर्ष पुराना है मंदिर का इतिहास

ग्राम बमूलिया रायमल के रूप सिंह ठाकुर ने बताया कि कजलास पहाड़ी पर स्थित यह शीतला माता मंदिर लगभग 500 वर्ष पुराना है। बुजुर्गों के अनुसार इस मंदिर का बड़ा ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व है। यहां मां शीतला स्वयंभू रूप में विराजमान हैं।मान्यता है कि जो भी भक्त सच्चे मन से पहाड़ी पर चढ़कर माता के दरबार में मन्नत मांगता है, उसकी हर मनोकामना पूरी होती है। विशेषकर संतान प्राप्ति और चर्म रोगों से मुक्ति के लिए यहां दूर-दूर से श्रद्धालु आते हैं। शरद पूर्णिमा की रात को यहां की आरती का विशेष महत्व माना जाता है।

सात गांवों की है साझा समिति

इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसका संचालन किसी एक गांव द्वारा नहीं, बल्कि सप्त गांवों के सहयोग से किया जाता है। मंदिर के रखरखाव और पूजा-पाठ के लिए 100 सदस्यों की एक विशाल मंदिर समिति बनाई गई है। यह समिति ही साल भर मंदिर की व्यवस्था और भव्य आयोजनों को संभालती है। महाआरती के पश्चात श्रद्धालुओं द्वारा अपनी मनोकामना के अनुसार तुलादान भी किया गया। इसके बाद सभी भक्तों को खीर का प्रसाद वितरित किया गया। मान्यता है कि शरद पूर्णिमा की खीर में अमृत का वास होता है।



डॉक्टरों की टीम ने जटिल ऑपरेशन कर बचाई मरीज की जान

ढाई किलो वजनी गठान निकाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहर के प्रतिष्ठित निजी आयुष्मान अस्पताल की चिकित्सक डॉक्टर रोहिणी भार्गव खान एवं इनकी टीम ने एक महिला के अंडाशय में बनी विशाल गठान का सफल ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई। ऑपरेशन के दौरान महिला के अंडाशय से लगभग ढाई किलोग्राम वजनी गठान निकाली गई। ऑपरेशन के बाद अब महिला की स्थिति बिल्कुल स्वस्थ बताई गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आष्टा निवासी श्रीमती किरण कुशवाहा पति रामा कुशवाहा के पेट में तकलीफ होने के कारण कन्नौद रोड स्थित आयुष्मान अस्पताल आष्टा पहुंची थीं। चिकित्सकों की जांच के दौरान उनके अंडाशय में काफी बड़ी गठान होने की जानकारी सामने आई। इसके बाद डॉक्टर रोहिणी भार्गव खान ने मरीज की स्थिति गंभीर देखते सर्जरी करने का फैसला किया, वही फिर डॉक्टर रोहिणी भार्गव खान के नेतृत्व में ऑपरेशन कर ढाई किलो वजनी गठान निकाली गई। इस दौरान डॉक्टर रोहिणी भार्गव खान के साथ डॉक्टर आमिर गुल ओटी टेक्नीशियन राहत बिलाल, आकाश मालवीय एवं पैरामेडिकल स्टाफ की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयुष्मान अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सक डॉक्टर रोहिणी भार्गव खान ने जानकारी देते हुए बताया कि ऑपरेशन के दौरान महिला के अंडाशय से ढाई किलोग्राम वजनी गठान सफलतापूर्वक निकाली गई। वही अब ऑपरेशन के पश्चात महिला की स्थिति बिल्कुल स्वस्थ बताई गई है। डॉक्टर रोहिणी भार्गव खान ने कहा कि चिकित्सकीय टीम के समन्वय से यह सफलता मिली है जिसके चलते ही महिला की जान बचाई गई है यदि समय रहते ऑपरेशन कर गठान नहीं निकाली जाती तो महिला की जान खतरा आ सकता था। इस दौरान डॉक्टर रोहिणी भार्गव खान ने यह भी कहा कि पेट दर्द या किसी भी दर्द को महिलाएं नजरअंदाज न करे और किसी भी प्रकार का दर्द होने पर डॉक्टर को दिखाए।

बजरंग बस्ती में निकला स्वयंसेवक संघ का संचलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



शहर की बजरंग बस्ती में सोमवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का भव्य पथ संचलन राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और सामाजिक एकता के संदेश के साथ निकाला गया। गणवेशधारी स्वयंसेवकों की अनुशासित कदमताल, एकरूपता और घोष की ताल पर कदम मिलाते स्वयंसेवकों ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। पूरे मार्ग पर वातावरण राष्ट्रभक्ति के भाव से ओतप्रोत नजर आया।पथ संचलन का जगह-जगह नागरिकों ने पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में संचलन को लेकर उत्साह देखने को मिला। सोमवार सुबह बजरंग बस्ती स्थित राजश्री महाविद्यालय परिसर से पथ संचलन प्रारंभ हुआ। यहां से स्वयंसेवक अनुशासित पंक्तियों में बजरंग कॉलोनी, अरिहंत विहार, साईं कॉलोनी, सब्जी मंडी, खत्री मार्केट, बुधवारा रोड, काछीपुरा से होते हुए वापस राजश्री कॉलेज पहुंचा, जहां संचलन का समापन हुआ।पथ संचलन से पूर्व स्वयंसेवकों को बौद्धिक मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कार्यवाह संतोष तोमर, जिला संघ चालक पारसमल सिंघवी, नगर संघ चालक रमेश भूटिया, बस्ती प्रमुख अरविंद परमार सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक मौजूद रहे। अपने उद्बोधन में जिला कार्यवाह संतोष तोमर ने कहा कि स्वयंसेवक राष्ट्र निर्माण करता है। हमें सदैव राष्ट्र, धर्म और समाज हित के लिए कार्य करते रहना चाहिए। उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन - सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य पर विशेष ध्यान आकर्षित किया।उन्होंने कहा कि हमें धार्मिक शिष्टाचार और शासन के नियमों का पालन करना चाहिए। सप्ताह में एक दिन परिवार के साथ बैठकर भोजन और भजन करना चाहिए, जिससे परिवार में प्रेम और स्नेह का भाव बना रहे। पर्यावरण संरक्षण के लिए कम से कम पॉलिथीन का उपयोग करना चाहिए और स्वदेशी वस्तुओं को अपनाना चाहिए।स तोमर ने कहा कि स्वयंसेवक को अपने स्वास्थ्य के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। स्वास्थ्य बेहतर होगा तभी हम परिवार, समाज, धर्म और राष्ट्र के काम आ सकेंगे। इसके लिए प्रतिदिन सुबह योग और नियमित शाखा में जाना आवश्यक है।देश के वर्तमान हालात पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि ₹राष्ट्र, धर्म और समाज को इतना खतरा दुर्जनों की सक्रियता से नहीं है, जितना खतरा सज्जनों की निष्क्रियता से है।₹ इसलिए सज्जन शक्ति को राष्ट्र, धर्म और समाज के लिए आगे आना चाहिए, यही देश के लिए फायदेमंद होगा।

दीपावली पर्व को लेकर पटाखा व्यापारियों की बैठक, सुरक्षा निर्देशों का पालन करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



आगामी दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए थाना जावर में समस्त पटाखा विक्रेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी जावर, तहसीलदार, नगर परिषद अधिकारी एवं विद्युत विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अधिकारियों ने सभी पटाखा व्यापारियों को दीपावली पर्व पर सुरक्षा संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने कहा कि पटाखों के विक्रय एवं भंडारण में पूरी सावधानी बरती जाए। दुकानों पर आग बुझाने के लिए रेत, पानी और फायर एक्सटिंग्विशर की व्यवस्था अनिवार्य रूप से रखी जाए।साथ ही सभी व्यापारियों को सख्त हिदायत दी गई कि प्रतिबंधित कार्बाइड गन एवं अन्य खतरनाक विस्फोटक सामग्री का विक्रय और उपयोग बिल्कुल न किया जाए। शासन द्वारा जारी सुरक्षा निर्देशों और सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन करना अनिवार्य होगा। थाना प्रभारी ने बताया कि त्योहार के दौरान अस्थाई पटाखा लाइसेंस वाली दुकानें घनी आबादी से दूर, खुले स्थान पर ही लगाई जाएंगी और वहां विद्युत लाइनों से उचित दूरी बनाए रखने के निर्देश भी विद्युत विभाग द्वारा दिए गए। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

बीएसआई पर चल रही इंटर डिस्ट्रीक क्रिकेट प्रतियोगिता में पहले दिन भोपाल ने राजगढ़ के खिलाफ बनाए 496 रन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

बीएसआई मैदान पर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश पर बीडीसीए के सहयोग से जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा इंटर डिस्ट्रीक अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को खेले गए दो दिवसीय भोपाल और राजगढ के मैच में भोपाल ने 90 ओवर में 4 विकेट खोकर 496 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसमें युवराज ने 214 गेंद पर 201 रन और खुशवंत ने 220 गेंद पर 189 रन की विस्फोटक पारियां खेली। इसके अलावा आराध्य सानी ने 53 गेंद पर 56 रन बनाए थे। प्रतियोगिता का आयोजन एसोसिएशन अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इस मौके पर एसोसिएशन के पर्यवेक्षक पुनित चतुर्वेदी, पर्यवेक्षक मुजीदउद्दीन, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, कोषाध्यक्ष वीरु वर्मा, चयनकर्ता आशीष शर्मा, निर्णायक नागेन्द्र व्यास, मनोज दीक्षित मामा, सीहोर टीम के कोच अतुल त्रिवेदी, आशीष मेवाड़ा, अतुल कुशवाहा, आर्दश राय, मदन कुशवाहा, हेमंत केसरिया, कमलेश, सुनील जलोदिया, वरुण शर्मा, अजय चंदेल, हमजा, गौरव पिचौनिया आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सोमवार की सुबह राजगढ ने ट्रास जीतकर क्षेत्ररक्षण का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल अंडर-15 टीम ने 90 ओवर में 4 विकेट खोकर 496 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसमें युवराज ने 201 रन और खुशवंत ने 189 रन बनाए थे। वहीं राजगढ़ की ओर से गेंदबाजी करते हुए नितिन, मानवेन्द्र और मयंक ने 1-1 विकेट हासिल किया।

महाराजा अजमीढ़ के आदर्श, विचार अनुकरणीय: परमार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



स्वर्णकार समाज के आराध्य देव महाराजा अजमीढ़ जी के विचार एवं आदर्श समाज के लिए अनुकरणीय हैं। हमें उनके विचारो एवं आदर्शो का आत्मसात कर बेहतर समाज के निर्माण में भूमिका निभाना चाहिए। स्वर्णकार समाज का राष्ट्र के निर्माण में अनुकरणीय योगदान हैं। स्वर्णकार समाज के आराध्य देव भगवान अजमीढ़ जी की जयंती पर श्री मेढ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज आष्टा एवं श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार युवा संगठन के संयुक्त तत्वाधान में निकाले गए महाराजा अजमीढ़ जी के प्राकट्य दिवस पर आयोजित चल समारोह के स्वागत समारोह नगर के मुख्य मार्गो से निकलकर मुख्य कार्यक्रम स्थल मानस भवन पहुंचा।

चल समारोह में मुख्य अतिथि श्री बाप जी धाम टिकोन धाम पूरे समय मौजूद रहे। आकर्षक रथ में सवार भगवान अजमीढ़ जी की नगर के विभिन्न सामाजिक एवं राजनैतिक संगठनो ने पूजा अर्चना की तथा स्वर्णकार समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकरीगण, युवाओ एवं महिलाओ का सम्मान किया गया। समाज अध्यक्ष गोपाल सोनी, धर्मशाला अध्यक्ष दिनेश सोनी, स्वर्णकार समाज युवा संगठन अध्यक्ष सागर दीनदयाल सोनी, पूर्व अध्यक्ष सुभाष सोनी सांवरिया, समाज महिला संगठन अध्यक्ष श्रीमति माया हरिओम सोनी, महिला युवा संगठन अध्यक्ष श्रीमती बबीता राजेश सोनी, महामंत्री विकास सोनी, गौरव सोनी मोनिका, कोषाध्यक्ष अंशुल सोनी, राज सोनी एवं समाज के अन्य वरिष्ठजन एवं युवाओ एवं महिलाओ का सम्मान किया। इस अवसर अनिल प्रगति, जनभागीदारी समिति के पूर्व अध्यक्ष प्रदीप प्रगति, पूर्व पार्षद शैलेष राठौर, सुरेंद्र परमार एडवोकेट, ऋषु प्रगति, महेश मेवाड़ा आदि ने स्वागत किया।

अजमीढ़ जयंती पर सोनी समाज की शोभायात्रा का किया स्वागत

हिउस, राम मंदिर और शीतला माता समिति ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



अजमीढ़ जयंती के पावन अवसर पर सोनी समाज द्वारा निकाले गए भव्य जुलूस का राम मंदिर के समीप हिंदू उत्सव समिति, राम मंदिर समिति एवं शीतला माता समिति द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर त्रिकोण गुरु महाराज की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।स्वागत समारोह के दौरान सोनी समाज के गणमान्य नागरिकों का साफा बांधकर एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही, पुष्पवर्षा कर जुलूस का आत्मीय स्वागत किया गया। पूरे आयोजन में सामाजिक सौहार्द, आपसी प्रेम और धार्मिक परंपराओं के प्रति सम्मान की भावना देखने को मिली।इस अवसर पर राजू जी जसवाल, शेषनारायण मुकाती, गोविंद सोनी, प्रदीप राठौर, आनंद गोस्वामी, दिलीप मालवीय, गणेश सोनी हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह मुकाती भूरू, , गोपाल जी ताम्रकार सुमित मेहता पंकज राठी बसंत पाठक सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।सोनी समाज के सदस्यों ने भव्य स्वागत एवं सम्मान के लिए हिंदू उत्सव समिति, राम मंदिर समिति एवं शीतला माता समिति के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

माता अम्बे का गरबा उत्सव का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नगर के नजरगंज स्थित श्री सोमवंशीय राम मंदिर परिसर में दो दिवसीय माँ अम्बे महारानी गरबा उत्सव का भव्य समापन हुआ, दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया, इस अवसर पर विधायक ने मंदिर जीर्णोद्धार के लिए 2,51,000 रुपये की घोषणा की और माँ अम्बे महारानी गरबा उत्सव समिति के अध्यक्ष को 11,000 रुपये की राशि नगद दी गई जिस पर समिति अध्यक्ष निखिल कुशवाहा ने आभार व्यक्त किया, ग्रुप गरबा प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार नवरंग गरबा ग्रुप अंजनी नगर, द्वितीय नन्हे गरबा सितारा ग्रुप सुभाष चौक, तृतीय पुरुस्कार शुभारंभ ग्रुप नजरगंज को मिला वहीं फैंसी ड्रेस में प्रथम पुरस्कार खुशी सुराणा को दिया गया और सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किए गए, कार्यक्रम में नरेन्द्र कुशवाह, रूपेश राठौड़, हरेन्द्र मायसेम, मोहित सोनी, रायसिंह मेवाड़ा, कैलाश परमार, सुभाष नामदेव, अनिल श्रीवास्तव, कालू भट्ट, ऋतु जैन, मोना मेवाड़ा, मोंटू कोरी, अंकुश सोनी, नरेन्द्र गंगवाल, अवनीश पिपलोदिया, मनोज कुशवाहा, मनोहर गौतम, अशोक गौतम, मनीष पाठक, सुशील संचेती, गौरव सोनी, चेतन छाजेड़, पल्लव प्रगति राजेश मेवाडा सौरभ जैन शीतल संजय सुराणा सहित समिति सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम का संचालन ईशा अवलेशिया और मनीष डोंगरे ने किया।